# न्यायालय जिला कलक्टर, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पीठासीन अधिकारी – आलोक रंजन (आई.ए.एस.)

| प्रकरण संख्या | दायर दिनांक | निर्णय दिनांक |
| --- | --- | --- |
| 032/2023(रा.प्रा.प.) (GCMS 2023/195) | 10.07.2023 | 09.09.2025 |

**अनवान**

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार निम्बाहेडा, तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**प्रार्थी**

**बनाम**

1. रमेशचन्द्र पिता लाभचन्द जाति धाकड आयु वयस्क निवासी लुणखन्दा तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
2. श्रीमती गीता पत्नी रमेशचन्द्र जाति धाकड आयु वयस्क निवासी लुणखन्दा तहसील निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**अप्रार्थीगण**

उपस्थिति :– भैरूलाल सालवी (राजकीय अधिवक्ता) प्रार्थी
दीपक शर्मा अप्रार्थीगण

**निगरानी अन्तर्गत नियम 14 (04) राजस्थान भू–राजस्व (कृषि प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 विरूद्ध उपखण्ड अधिकारी भू–आवंटन कमेटी निम्बाहेडा बमिसल संख्या 777/2021 दिनांक 17.12.2021**

## –:: निर्णय ::–

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है प्रार्थी तहसीलदार निम्बाहेडा ने एक प्रार्थना–पत्र राज्य सरकार की और से राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार निम्बाहेडा जिला चित्तौड़गढ़ के अंतर्गत राजस्थान भू–राजस्व (कृषि–प्रयोजनार्थ भूमि का आवंटन) नियम 1970 के नियम 14(04) के अन्तर्गत खिलाफ अप्रार्थीगण के इस आशय का प्रस्तुत किया कि विपक्षी को मौजा चोलनी तहसील निम्बाहेडा की आराजी संख्या 151 रकबा 0.82 हैक्टेयर किस्म भूमि मंगरी एवं आराजी संख्या 206 रकबा 0.21 हैक्टेयर किस्म मंगरी कुल किता 2 कुल रकबा 1.03 हैक्टेयर भूमि के संबंध में भू–आवंटन विधि, नियम एवं तथ्यों के विपरित होने से निरस्त योग्य है। अप्रार्थीगण का उक्त आवंटित आराजीयात पर आज दिनांक तक कब्जा काश्त नहीं रहा है। विपक्षी का कब्जा नहीं होते हुए भूमि आवंटन करने में भूल की थी, जो विधि विरूद्ध होने से निरस्तनीय हैं, अतः

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

प्रार्थना–पत्र स्वीकार फरमाया जाकर विपक्षीगण का आवंटन निरस्त फरमाया जावे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर विपक्षीगण को जरिये सूचना पत्र तलब किया जाकर अधीनस्थ न्यायालय का अभिलेख तलब किया गया। दिनांक 13.09.2023 को विपक्षीगण की और से उनके अधिवक्ता हाजिर आये एवं अधिकार पत्र पेश किया जो शामिल पत्रावली है। अधीनस्थ उपखण्ड अधिकारी निम्बाहेडा के पत्रांक/राजस्व/2023/1093 दिनांक 28.08.2023 से मूल अभिलेख पत्रावली प्राप्त हुई है जो कि पत्रावली के साथ हम किता होकर रिकार्ड पर है। दिनांक 20.03.2024 को अप्रार्थीगण की और से प्रार्थना–पत्र बाबत् प्रारम्भिक आपत्ति का पेश किया गया जो कि शामिल पत्रावली होकर रिकार्ड पर है। दिनांक 13.11.2024 को राजकीय अधिवक्ता द्वारा जवाब प्रार्थना–पत्र बाबत् प्रारम्भिक आपत्ति पेश किया गया जो कि शामिल पत्रालवी होकर रिकार्ड पर है। दिनांक 22.01.2025 को अप्रार्थीगण की और से जवाब प्रार्थना–पत्र पेश किया जो कि शामिल पत्रालवी होकर रिकार्ड पर है। प्रकरण में न्यायालय आदेश दिनांक 11.03.2025 से अप्रार्थीगण का प्रार्थना–पत्र बाबत् प्रारम्भिक आपत्ति सारहीन एवं बलहीन होने से खारीज किया गया। प्रकरण में उभयपक्षकारान की सहमति से स्थगन प्रार्थना–पत्र पर कार्यवाही स्थगित की जाकर प्रकरण में बहस मूल पत्रावली उभयपक्षकारान को सुना गया।

सर्वप्रथम विद्वान राजकीय अधिवक्ता ने प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए कथन किया कि अप्रार्थीगण को मौजा चोलनी तहसील निम्बाहेडा की आराजी संख्या 151 रकबा 0.82 हैक्टेयर किस्म भूमि मंगरी एवं आराजी संख्या 209 रकबा 0.21 हैक्टेयर किस्म मंगरी कुल किता 2 कुल रकबा 1.03 हैक्टेयर किस्म भूमि मंगरी के संबंध में भू–आवंटन विधि, नियम एवं तथ्यों के विपरित होने से निरस्त योग्य है। अप्रार्थीगण का उक्त आवंटित आराजीयात पर आज दिनांक तक कब्जा काश्त नहीं रहा है। अप्रार्थीगण के आवंटन कर दी जो अवैधानिक होकर निरस्त किये जाने योग्य है। विपक्षीगण किसी भी स्थिति में आवंटन के पात्र नहीं है।

इस पर विद्वान अधिवक्ता विपक्षीगण ने प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों को अस्वीकार कर जवाब प्रार्थना–पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि भू–आवंटन कमेटी द्वारा विपक्षी को आवंटन नियमों के अधीन किया गया है, जो किसी भी प्रकार से निरस्त नहीं किया जा सकता है, उक्त प्रकरण में भू–आवंटन में किसी प्रकार की धोखेबाजी व गलत तथ्य प्रस्तुत नहीं किये गये है तथा आवंटन विधि अनुसार किया गया है। प्रार्थी तहसीलदार निम्बाहेडा द्वारा स्वयं आवंटन का पात्र माना जाकर आवंटन कमेटी में सदस्य के रूप में आवंटन की अनुशंषा की गई है। प्रार्थी तहसीलदार निम्बाहेडा द्वारा कब्जे नहीं होने का गलत तथ्यों को आधार बनाकर आवेदन पेश किया है। विपक्षीगण आवंटन की पूरी पात्रता रखते है।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान 2021 में सरकार द्वारा भूमिहीन कृषको को अभियान

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

